DEAN C. LOGAN
Registrar-Recorder/County Clerk

5 अक्टूबर, 2020

माननीय Alex Padilla
राज्य के सचिव
1500 11th Street
Sacramento, CA 95814

विषय: चुनाव प्रशासन योजना (ईएपी) के लिए पूरक

प्रिय सचिव पडिया:

यह पत्र Los Angeles काउंटी के चुनाव प्रशासन योजना (ईएपी) के साथ एक पूरक अनुभाग के रूप में कार्य करता है। यह पत्र 3 नवंबर, 2020 के राष्ट्रपति आम चुनाव के संबंध में नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और COVID-19 महामारी का जवाब देने के लिए किए गए परिवर्तनों को दर्शाता है।

Los Angeles काउंटी ने 17 जनवरी, 2020 को राज्य सचिव द्वारा अनुमोदित ईएपी के विकास के बाद से राष्ट्रपति आम चुनाव के प्रशासन में परिवर्तन लागू किया है। परिवर्तनों में शामिल हैं:

- डाक-द्वारा-मतदान (वीबीएम) के छोड़ने के बक्सों (ड्रॉप बॉक्सों) की संख्या 206 (3 मार्च, 2020 राष्ट्रपति प्राथमिक चुनाव के दौरान तैनात) से 402 तक बढ़ाना। वीबीएम ड्रॉप बॉक्स में वृद्धि सभी सक्रिय मतदाताओं को वीबीएम मतपत्र जारी करने से संबंधित सेवाओं में वृद्धि को दर्शाता है। स्थानों की एक सूची संलग्न है।

- 131 11-दिवसीय मत केंद्र और 653 5-दिवसीय मत केंद्र स्थापित करना। स्थापित किए गए मतदान केंद्रों की कुल संख्या 784 है। कुछ आवास कई मतदान केंद्रों के साथ 758 अलग-अलग सुविधाएं हैं। सभी मत केंद्रों की एक सूची संलग्न है।

- सभी मतदान केंद्रों पर "सुरक्षित राष्ट्रपति चुनाव योजना" को लागू करना, जो कैलिफोर्निया के " COVID-19 के तहत चुनाव प्रशासन मार्गदर्शन" के साथ संरेखित करता है। इस योजना को राज्य और काउंटी सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ संरेखित करने के लिए विकसित किया गया है। इस योजना की एक प्रति संलग्न की गई है।

- चुनाव संहिता धारा 14201 के तहत पहचानी गई नई जोड़ी गई भाषाओं के लिए बहुभाषी सेवाएं प्रदान करना; जिसमें बंगाली, बर्मी, गुजराती, इंडोनेशियाई, मंगोलियाई और तेलुगु शामिल हैं। इन नई भाषाओं के लिए, सेवाएं निम्नानुसार हैं:
  - वीबीएम मतदाताओं, जो अनुवादित सामग्री का अनुरोध करते हैं, उनके लिए प्रतिकृति मतपत्र उपलब्ध।
  - सभी मतदान केंद्रों पर वीडियो परामर्श प्रयोग के माध्यम से मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध द्विभाषी कर्मचारी। यह सेवा तीन-तरफ़ा संचार प्रदान करती है जहाँ मतदाता द्विभाषी कर्मचारियों और चुनाव कार्यकर्ताओं दोनों से सहायता प्राप्त करते हैं।
  - लक्षित मतदान केंद्रों पर वैयक्तिक रूप से द्विभाषी चुनाव कार्यकर्ताओं की भर्ती।
  - मतदान करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन और मतपत्र सामग्री की व्याख्या के साथ सभी मतदान केंद्रों को जारी किए गए अनुवादित निर्देश।

- विस्तारित संचार माध्यम अभियान जो काउंटी में सभी समुदायों तक पहुंचने के लिए मुद्रित, रेडियो, टेलीविजन, सामाजिक संचार माध्यम और बाह्य अभियान विज्ञापन का लाभ उठाते है। अभियान यह सुनिश्चित करता है कि अति स्थानीय जातीय मीडिया हमारे संदेशों को वितरित करने के लिए हमारे समुदायों में विश्वसनीय आवाज़ों का उपयोग करने के लिए लगी हुई है। मीडिया कार्यनीति संलग्न है।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता है, तो कृपया मुझसे संपर्क करें या आपके कर्मचारी वर्ग, सरकारी और विधान मामलों के मंडल प्रबंधक, मोनिका फ्लोर्स को 562-462-2697 पर संपर्क कर सकते हैं।

आदरपूर्वक,

DEAN C. LOGAN
रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

c: सदस्य, पर्यवेक्षक बोर्ड
Fesia Davenport, कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# सभी लोगों के लिए मतदान समाधान

## सुरक्षित राष्ट्रपति चुनाव योजना

Los Angeles काउंटी "सुरक्षित राष्ट्रपति चुनाव योजना" कैलिफोर्निया के " COVID-19 के तहत चुनाव प्रशासन मार्गदर्शन" के साथ संरेखित करता है। प्रत्येक को सबसे अच्छी सार्वजनिक स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध का उपयोग करके संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों के परामर्श से विकसित किया गया था, जिसमें अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) और कैलिफोर्निया के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारीयों द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन शामिल है।





### Los Angeles रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क (आरआर/सीसी) निम्नलिखित करेंगे:

- मतदान स्थल-विशिष्ट सुरक्षा योजना विकसित करना।
- COVID-19 के प्रसार को सीमित करने के उपायों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना, लक्षणों के लिए खुद की जांच शामिल करना और जब आवश्यक हो तो घर में रहना।
- कार्यकर्ताओं के लिए रोकथाम और स्व-जांच उपायों की स्थापना करना।
- शारारिक दूरी के दिशा-निर्देशों को स्थापित करना और संचार करना।
- हाथ धोना, चेहरा ढंकना और कीटाणुशोधन शिष्टाचार को लागू करना।

## मतदाताओं के लिए

### सभी पंजीकृत मतदाताओं को डाक-द्वारा-मत मतपत्र डाक से भोजा जाएगा।

L.A. काउंटी मतदाताओं को घर पर रहने और अपने डाक-द्वारा-मतपत्र का उपयोग करके मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। हालांकि, कुछ व्यक्तियों के लिए अभी भी वैयक्तिक रूप से मतदान करना बेहतर होगा। जहां भी वैयक्तिक रूप से मतदान की पेशकश की जाएगी, हम सुरक्षित मतदान वातावरण प्रदान करने के लिए राज्य और काउंटी के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा मार्गदर्शन का पालन करेंगे।




### वैयक्तिक रूप से मतदान करने के लिए COVID-19 सूचना:

- मतदाताओं को मतदान केंद्र में या लाइन में प्रतीक्षा करते समय चेहरा (खास कर नाक और मुँह) ढंककर रखना चाहिए।
- चेहरा ढंकने और दस्ताने अनुरोध किए जाने पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध होंगे।
- मतदान केंद्र के प्रवेश और निकास पर हाथ प्रक्षालक (हैंड सैनिटाइज़र) प्रदान किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रमुख स्टेशनों पर हाथ प्रक्षालक भी उपलब्ध होंगे।
- पंक्ति में और पूरे चेक-इन एवं मतदान प्रक्रिया में प्रतीक्षा करते समय शारीरिक दूरी को लागू किया जाएगा।
- प्रत्येक मतदाता के बाद ePollbooks और मतपत्र चिन्हाकन उपकरणों को प्रक्षालक किया जाएगा।
- मतदाताओं को मतदान केंद्र में अपना समय सीमित करने के लिए अपनी चुनाव प्रक्रिया को तेजी से करने के उपाय के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें मतदाता पंजीकरण को पहले से सत्यापित करना, संवादात्मक नमूना मतपत्र (आईएसबी) का उपयोग करके चयन चिन्हों को पूर्व चिन्हित करना और मतदाता चेक-इन में तेजी लाने के लिए अपने नमूना मतपत्र को लाना शामिल है।
- मतदाताओं को जल्दी मतदान का लाभ उठाने और संभव हो तो कम भीड़ वाले समय पर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- मतदान केंद्र में प्रवेश करने में असमर्थ मतदाताओं के लिए स्थलेतर मतदान उपलब्ध रहेगा।

**घर पर सुरक्षित रूप से मतदान करें, अपनी आवाज सुनाएं!**

# सुरक्षित राष्ट्रपति चुनाव योजना

## चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए

### चुनाव कार्यकर्ताओं को निम्नलिखित दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा:

- COVID-19 के प्रसार को सीमित करने में मदद करने के लिए घर पर रहते हुए रोकथाम के उपायों का पालन करें।
- COVID-19 के निदान होने पर, लक्षणात्मक, या पहले 14 दिनों में एक सकारात्मक रोगी के संपर्क में होने पर मतदान केंद्र में न आएं।
- रोजाना कार्यकर्ताओं के अंदर आने के लिये हस्ताक्षर करने के भाग में स्व-जाँच की पुष्टि करना भी शामिल करना।
- बार-बार हाथ धोएं या हाथ प्रक्षालक (हैंड सैनिटाइजर) का उपयोग करें जहां साबुन और पानी उपलब्ध नहीं हो।
- चेहरा ढंकने (खास कर नाक और मुँह), पूरे चेहरे की ढाल और दस्ताने सहित सुरक्षात्मक उपकरण पहनें।
- गैर-संपर्क मानदंडों की स्थापना करें ताकि कार्यकर्ता, सह-कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को शारीरिक संपर्क से अभिवादन करने से बचें: "दूर से नमस्ते करने से शुरूवात करें।"
- बार-बार काम की वस्तुओं और आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली सतहों को साफ करना।
- दिन की शुरुआत से पहले, प्रत्येक मतदाता के बाद, एक घंटे के समय पर, और समापन समय पर, ePollbooks और मतपत्र चिन्हाकन उपकरणों को स्वच्छ करें।
- साझा की गई वस्तुओं के प्रयोग को कम करें।
- मतदान केंद्र में गैर-संभावित आगंतुकों को सीमित करें।
- विकलांग मतदाताओं द्वारा उपयोग करने से पहले उपकरण कीटाणुरहित करने के लिए विशेष ध्यान रखें क्योंकि वे विभिन्न तरीकों से उपकरणों के साथ बातचीत कर सकते हैं, और कुछ में अद्वितीय स्वास्थ्य कमजोरियां हो सकती हैं। प्रत्येक उपयोग से पहले और बाद में मतदान उपकरणों के लिए पहुंच नियंत्रण को साफ किया जाएगा।
- हेडफ़ोन यंत्र के लिए एकल-उपयोग फेंकने योग्य कान ढकने प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक उपयोग के बाद प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

## मतदान केंद्र का अभिन्यास

- प्रत्येक स्थान के लिए तदनुकूल मतदान केंद्र के अभिन्यास को बनाया जाएगा जो कि पूरे केंद्र में 6 फीट की शारीरिक दूरी को संभव सीमा तक सुनिश्चित करेगा।
- एक दिशात्मक पैदल यातायात।
- जहाँ संभव हो वहाँ प्रवेश और निकास के लिए अलग मार्ग।
- दरवाजे खुले हुए।
- जहां संभव हो हवा के संचालन को बढ़ाने के लिए खिड़कीयां खोली जाएगी।
- चेक-इन स्टेशनों और मतपत्र चिन्हाकन उपकरणों को शारीरिक दूरी बनाने के लिए रखा जाएगा।
- प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर एक रोक स्टेशन होगा जहां मतदाताओं को हैंड सैनिटाइज़र प्रदान किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर मतदाताओं के लिए मास्क और दस्ताने उपलब्ध होंगे। मतदाताओं को विशेष सावधानियों की याद दिलाने के लिए यहां एक चुनाव कार्यकर्ता तैनात किया जाएगा।
- यदि मौसम अनुमति देता है, तो केंद्रो में मतदाताओं की संख्या को सीमित रखने के लिए पंक्तियों को बाहर की ओर किया जाएगा।

## निर्देश संकेतक

- मतदाताओं, समीक्षकों और कार्यकर्ताओं को शारीरिक दूरी, चेहरे (नाक ओर मुहँ) को ढंकने और अद्यतन किए गए पैदल यातायात प्रतिमान कि याद दिलाने के लिए संकेत।
- उचित दूरी को इंगित करने के लिए स्पष्ट निर्देश संकेत।
- प्रवेश द्वार और अत्यधिक दृश्यमान स्थानों पर विज्ञापित किया गया।
- कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को उचित दूरी की याद दिलाने के लिए दृश्य संकेत (जैसे, फर्श चिह्नों, रंगीन टेप, या संकेत) तैनात किए जाएंगे।

## संचार माध्यम, सामाजिक माध्यम और प्रत्यक्ष संचार

### काउंटी के संचार माध्यम अभियान में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे:

- मतदान के दौरान COVID-19 के संपर्क से बचने के लिए डाक द्वारा मतदान एक सुरक्षित विकल्प है।
- एक मतपत्र प्रतिस्थापन प्रदान करने के लिए या एक मतदान स्थल में प्रवेश किए बिना मतदान करने में आपकी मदद करने के विकल्प हैं, जिसमें प्रतिस्थापन, छोड़ने के बक्स (ड्रॉप बॉक्स) और स्थलेतर मतदान का अनुरोध करने की प्रक्रिया शामिल है।
- यदि आपको मतदान स्थल में प्रवेश करना जरूरी है, तो कृपया:
  - चेहरा ढंकना (मास्क) पहनें।
  - लोगों से कम से कम 6 फीट की शारीरिक दूरी बनाए रखें जो आपके घरबार से नहीं है।
  - चेक-इन स्टेशन पर पहुंचने से पहले और मतदान के बाद हाथ प्रक्षालक (हैंड सैनिटाइजर) का इस्तेमाल करें।
  - मतदान स्थल पर दिए गए अन्य सभी मार्गदर्शन का पालन करें।

यह योजना एक आधारभूत के रूप में कार्य करती है। RR/CC कि सुरक्षित राष्ट्रपति चुनाव योजना बढ़ती और विस्तारित होती रहेगी जैसे जैसे नए मार्गदर्शन और सिफारिशें सामने आते रहेंगे।

# नवंबर 2020
# अदा किया हुआ संचार माध्यम अभियान

रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

21 जुलाई, 2020

# मार्च 2020 संचार माध्यम अभियान अवलोकन

- प्रत्यक्ष डाक-प्रेषण
- टीवी विज्ञापन
- रेडियो विज्ञापन
- विज्ञापन-तख्ते
- मुद्रित विज्ञापन
- पारगमन विज्ञापन
- अंकीय (डिजिटल) संचार माध्यम विज्ञापन
- सामाजिक माध्यम विज्ञापन
- ईमेल सूचनाएं

**430+ मिलियन के प्रभाव**

# नवंबर संचार माध्यम अभियान के लिए सुधार

- स्थानीय और बहुभाषी समुदायों पर अति ध्यान केंद्रित करना
- अंकीय (डिजिटल) विज्ञापन परिदृश्य और सामाजिक संचार माध्यम मंच में हमारे डिजिटल पदचिन्ह का विस्तार करना
- अंग्रेजी और बहुभाषी दर्शकों के लिए संदेश अनुसंधान और रचनात्मक विकास में भागीदारी(ओं) का उपयोग करना
- अनुसंधान, रचनात्मक विकास, रणनीति और प्रतिवेदन का नेतृत्व करने के लिए एकल एजेंसी या एजेंसियों का लाभ उठाना

# नवंबर में प्रमुख संदेश

- COVID-19 के माहौल में, काउंटी प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र डाक से भेजेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके पास सुरक्षित और सुलभ मतदान विकल्प है।
- हम मतदाता को डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र लौटाने के भागीदारी से प्रोत्साहित करेंगे
- वैयक्तिक रूप से मतदान का विकल्प सुरक्षित और सुलभ मतदान केंद्रों में उपलंब्ध होंगे
- पूर्व मतदान करें - चाहे वह डाक द्वारा हो या वैयक्तिक रूप से

# प्रत्यक्ष डाक-प्रेषण प्रारंभिक जागरूकता

**सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए प्रत्यक्ष डाक-प्रेषण**

डाक-प्रेषण #1

- डाक-द्वारा-मतदान जागरूकता सूचना और निवास की पुष्टि
- डाक-प्रेषण में एक डाक-भुगतान कार्ड शामिल होगा जो स्थानांतरित मतदाताओं को अपने निवास और डाक-प्रेषण पते को अद्यतन करने देता है
- डाक पेटी में वितरण शुरू होगा: सोमवार, 27 जुलाई

डाक-प्रेषण #2

- डाक-द्वारा-मतदान जागरूकता सूचना और भाषा वरीयता आवेदन
- डाक-प्रेषण में एक डाक-भुगतान कार्ड शामिल होगा जिसमें मतदाताओं को 18 भाषाओं में से एक में अपनी चुनाव सामग्री प्राप्त करने का विकल्प मिलेगा
- डाक पेटी में वितरण शुरू होगा: सोमवार, 10 अगस्त

# मतदान केंद्र पुस्तक

- हमारा कार्यालय हर डाक संरक्षक को एक पुस्तक डाक से भेजेगा जिसमें नवंबर के लिए उपलब्ध सभी मतदान केंद्र के स्थान होंगे
- पुस्तक में इस बात की जानकारी शामिल होगी कि हम COVID-19 के दौरान मतदाताओं और चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए मतदान को कैसे सुरक्षित रखेंगे
- संदेश में शामिल होगा कि कैसे योग्य मतदाता मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं
- इस पुस्तक की अनुमानित डाक-प्रेषण तिथि 12 अक्टूबर है

# अदा किया हुआ संचार माध्यम अभियान

- हमारे कार्यालय ने तीन एजेंसियों के साथ बातचीत शुरू की है जो सामाजिक आंदोलन, बड़े पैमाने पर संचार माध्यम बाजारों और स्थानीय जातीय संचार माध्यम के विशेषज्ञ हैं। उन तीन एजेंसियों में शामिल हैं:
  - फेंटन
  - IHeart मीडिया
  - LA संजातीय गोल मेज

# फेंटन

संदेश, परीक्षण, कार्यनीति, रचनात्मक विकास और माध्यम नियोजन में भुगतान किए गए संचार माध्यम अभियान का नेतृत्व करने के लिए।

**बनाएँ | परीक्षण| उत्पादित**

- संदेश
- संदेश परीक्षण
- कलाकृति
- रचनात्मक संपत्ति
- सहयोगी अवतरण पृष्ठ

**अनुसूची | संचय | प्रसारित**

- स्थानीय नेता और प्रभावकारी
- अंकीय (डिजिटल) संचार माध्यम विज्ञापन
- सामाजिक माध्यम विज्ञापन
- मुद्रित और बाह्य विज्ञापन
- ईमेल और एसएमएस संचार

**पता लगाए | विश्लेषण | उत्पादन**

- भुगतान की गई मीडिया परिसंपत्तियों पर नियमित (दैनिक/साप्ताहिक) रिपोर्ट प्रदान करें
- यदि मीडिया को समायोजन की आवश्यकता है तो सिफारिशें प्रदान करें
- एक विस्तृत भुगतान मीडिया रिपोर्ट बनाएं, प्रदान करें और प्रस्तुत करें

# iHeart संचार माध्यम

iHeart संचार माध्यम अनुमोदित संदेश और रचनात्मक संपत्ति लेने के लिए और सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उन्हें नीचे दिए गए चैनलों में जगह देता है, एवं प्रमुख हस्ती और एथलीट प्रभावित पहल का नेतृत्व करता है।

## अनुसूची | संचय | प्रसारित

- टीवी विज्ञापन - प्रसारण और केबल
- रेडियो विज्ञापन - नेटवर्क के अंदर और बाहर
- डिजिटल रेडियो विज्ञापन - नेटवर्क के अंदर और बाहर

## जोड़े | संचय | लागू

- प्रसिद्ध व्यक्ति और एथलीट समर्थित
- स्टेशन और हस्ती सामाजिक संचार माध्यम
- आभासी घटना एकीकरण

# LA संजातीय संचार माध्यम गोल मेज

अत्यंत स्थानीय और संजातीय संचार माध्यम और पहुँच प्रयासों का नेतृत्व करें।

## अनुसूची | संचय | प्रसारित

- स्थानीय जातीय समाचार मीडिया
- स्थानीय जातीय छपाई
- स्थानीय जातीय रेडियो
- स्थानीय जातीय पहुँच

# मुख्य समयरेखा

## चुनाव की समय सीमा

- 24 सितंबर
  - नमूना मतपत्रों का प्रेषण
- 5 अक्टूबर
  - डाक-द्वारा-मतदान मतपत्रों का प्रेषण शुरू होना
- 19 अक्टूबर
  - पंजीकरण का बंद होना
- 24 अक्टूबर
  - वैयक्तिक मतदान शुरू
- 31 अक्टूबर:
  - सभी मतदान केंद्रों का खुलना

## भुगतान मीडिया चरण समयरेखा

- चरण I - 27 जुलाई से 1 सितंबर
  - अनुसंधान और विकास
- चरण II - 1 सितंबर से 20 सितंबर
  - मतदाता शिक्षा
- चरण III - 21 सितंबर से 18 अक्टूबर
  - मतदाता पंजीकरण और डाक-द्वारा-मतदान
- चरण IV - 19 अक्टूबर से 3 नवंबर
  - बाहर जाएँ/अंदर रहें और मतदान करें
- चरण V - 4 नवंबर से 30 नवंबर
  - विश्लेषण और रिपोर्ट

# धन्यवाद!

## प्रशन?

डीन लोगन - रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

एपिफ़ानियो "इपी" पेइनाडो- अंतरिम संचालन प्रमुख

मोनिका फ्लोर्स - सरकारी और विधायी मामलों के प्रबंधक

माइक सांचेज़ - मीडिया और संचार के प्रबंधक